**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 708**

**उत्तर देने की तारीख : 02.12.2021**

## संपार्श्विक मुक्त ऋण योजना

**708. श्री कृष्ण पाल सिंह यादव:**
**श्री राजबहादुर सिंह:**
**श्री पी. पी. चौधरी:**
**श्री प्रताप चंद्र षडड्.गी:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) **:** सरकार की 3 लाख करोड़ संपार्श्विक मुक्त ऋण योजना के अंतर्गत आबंटित निधियों और स्वीकृत राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) : योजना के कार्यान्वयन के समय से लाभार्थियों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) **:** क्या सरकार का योजना की सीमा या वैधता का विस्तार करने का विचार है; और

(घ) : यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री**

**(श्री नारायण राणे)**

(क), (ग) और (घ): आकस्मिक क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय के परिचालन नियंत्रण के तहत है। ईसीएलजीएस के तहत मौजूदा समग्र गारंटी सीमा को 3 लाख करोड़ रुपए से 4.5 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ा दिया गया है और स्कीम को 31.03.2022 तक बढ़ा दिया गया है। स्कीम के तहत संवितरण की अंतिम तिथि 30.06.2022 तक बढ़ा दी गई है। डीएफएस द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 19.11.2021 तक इस स्कीम के तहत 2.82 लाख करोड़ रुपए के ऋण संस्वीकृत किए जा चुके हैं।

(ख): इस स्कीम के कार्यान्वयन के आरंभ से लेकर अब तक राज्य और वर्ष-वार लाभार्थियों की संख्या का विवरण अनुबंध-I पर दिया गया है।

*****

**अनुबंध-I**

## लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 708, जिसका उत्तर दिनांक 02.12.2021 को दिया जाना है, के उत्तर के भाग (ख) में संदर्भित अनुबंध-I

| 19 नवम्बर, 2021 तक ईसीएलजीएस के तहत राज्य-वार जारी गारंटियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | राज्य वार ईसीएलजीएस वित्त वर्ष 2020-21 | | राज्य वार ईसीएलजीएस वित्त वर्ष 2021-22 | |
| | | जारी की गई गारंटियों की संख्या | गारंटी राशि (करोड़ रुपए में) | जारी की गई गारंटियों की संख्या | गारंटी राशि (करोड़ रुपए में) |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 1,978 | 96.01 | 58 | 20.42 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2,52,978 | 8,551.41 | 30,664 | 850.13 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 2,228 | 71.32 | 60 | 4.06 |
| 4 | असम | 5,29,084 | 2,686.35 | 19,971 | 252.06 |
| 5 | बिहार | 6,44,932 | 3,769.41 | 1,68,311 | 367.63 |
| 6 | चंडीगढ़ | 6,329 | 865.36 | 374 | 151.97 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,40,247 | 4,046.33 | 57,854 | 454.86 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 2,071 | 261.21 | 77 | 50.99 |
| 9 | दमन और दीव | 913 | 122.75 | 27 | 14.93 |
| 10 | दिल्ली | 90,581 | 14,443.46 | 11,105 | 3,439.62 |
| 11 | गोवा | 11,794 | 757.82 | 512 | 315.96 |
| 12 | गुजरात | 3,01,567 | 22,057.66 | 61,813 | 2,069.32 |
| 13 | हरियाणा | 1,56,217 | 10,761.62 | 43,136 | 2,119.27 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 45,932 | 1,520.42 | 1,896 | 223.37 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 66,698 | 1,944.67 | 450 | 144.14 |
| 16 | झारखंड | 2,40,876 | 2,603.88 | 53,897 | 316.27 |
| 17 | कर्नाटक | 4,68,758 | 15,726.78 | 4,02,124 | 2,240.78 |
| 18 | केरल | 4,01,564 | 7,701.51 | 1,23,661 | 1,077.47 |
| 19 | लद्दाख | 999 | 44.08 | 25 | 7.76 |
| 20 | लक्षदीप | 369 | 1.91 | --- | 0.00 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 3,95,725 | 7,563.08 | 1,65,047 | 852.68 |
| 22 | महाराष्ट्र | 8,85,269 | 37,169.08 | 1,16,588 | 5,783.99 |
| 23 | मणिपुर | 10,256 | 122.58 | 124 | 3.59 |
| 24 | मेघालय | 11,030 | 200.90 | 314 | 11.19 |
| 25 | मिजोरम | 3,721 | 53.52 | 80 | 4.09 |
| 26 | नागालैंड | 7,396 | 68.35 | 32 | 1.24 |
| 27 | ओडिशा | 8,80,357 | 4,562.86 | 50,599 | 407.94 |
| 28 | पुदुचेरी | 14,289 | 423.23 | 8092 | 51.85 |
| 29 | पंजाब | 1,89,508 | 7,611.75 | 14,095 | 855.7 |
| 30 | राजस्थान | 3,05,336 | 11,935.68 | 2,39,260 | 1,733.34 |
| 31 | सिक्किम | 8,176 | 81.87 | 74 | 28.98 |
| 32 | तमिलनाडु | 6,53,257 | 25,092.75 | 2,10,336 | 3,060.03 |
| 33 | तेलंगाना | 1,31,649 | 10,115.75 | 11,115 | 1,109.23 |
| 34 | त्रिपुरा | 60,466 | 243.89 | 1,725 | 16.30 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 6,58,970 | 14,919.58 | 1,39,957 | 1,506.83 |
| 36 | उत्तराखंड | 66,065 | 2,054.42 | 5,703 | 360.14 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 18,89,240 | 13,726.97 | 1,22,882 | 1,503.94 |
| **कुल** | | **95,36,825** | **23,39,80.22** | **20,62,038** | **3,14,12.07** |
| स्रोत- वित्तीय सेवाएं विभाग/एनसीजीटीसी | | | | | |